

# स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के अर्न्तगत ग्रांम पंचायत भैल के स्वच्छता की ओर बढ़ते कदम




<u>विकास खण्ड़ बिझड़ी, ज़िला हमीरपुर (हि0प्र0)</u>

``

## स्वच्छता का प्रकाश,मेरा प्रयास :–


परिस्थितियां जैसी भी है जो विपरित परिस्थितियों में भी मार्ग वना लेतें है वह इन्सान हमेशा ही कुछ न कुछ कर जाता है यही वात श्री प्रेम सिंह प्रधान ग्राम पंचायत भैल पर सावित होती है। बर्ष 2005 में ग्राम पंचायत भैल ग्राम पंचायत धंगोटा से अलग कर नई पंचायत भैल का गठन हुआ। नई ग्राम पंचायत का गठन होने पर परिस्थितियां अलग थी। उद्देश्य भी भिन्न थें फिर भी चुनाव होने के उपरान्त प्रथम वार प्रधान पद शपथ ग्रहण की थी। उस समय ग्राम पंचायतों में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चल रहा था। लेकिन ग्राम पंचायत भैल में इस अभियान को काई नहीं जानता था । बर्ष 2008 में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान में विकास खण्ड बिझडी की टीम द्वारा सितम्बर,2008 में एक विशाल जागरूता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य लक्ष्य था हर घर मे शौचालय का निर्माण करवाना व लोगों को शौचालय के लाभ व वनाने हेतु प्रेरित करना था। समस्त ग्राम पंचायत कें प्रधानों द्वारा इस कार्य को असम्भव वताया लेकिन ग्राम पंचायत प्रधान प्रेम सिंह द्वारा कहा गया कि लक्ष्य कठिन है लेकिन असम्भव नहीं। मेरी ग्राम पंचायत मे 5 प्रतिशत ही शौचलय है और मै इस कार्य को 5 माह में  कार्य को पूर्ण कर अपनी ग्राम पंचायत को खुले मे शौच मुक्त करवा दूंगा। इस वात से सव प्रधान भी सहमत हो गए और प्रधान प्रेम सिंह द्वारा  सर्व प्रथम विकास खण्ड की स्वचछता टीम से कैम्प का आयोजन किया तथा लोंगो को टीम के माध्यम से घर–2 जाकर जागरूक किया व ग्राम पंचायत के हर वार्ड में स्वच्छता के सन्देश लिखवाए।  जिसका परिणाम यह निकला कि प्राधन प्रेम सिंह द्वारा 5 माह से पूर्व ही दिसम्बर,2008 तक हर घर में शौचालयों का निर्माण करवा दिया। ग्राम पंचायत में प्रधान महोदय द्वारा दूसरी वार प्रधान वनने के उपरान्त अपनी ग्राम पंचायत को निर्मल भारत अभियान आने पर ग्राम पंचायत क गन्दे पानी व ठोस कचरे के प्रबन्धन हेत भूमिगत नालियों व सोखता गडडो का निमाण सर्व प्रथम विकास खण्ड बिझडी मे करवाया गया था। बर्ष 2021 मे तीसरी वार  प्रधान पद की शपथ लेने के उपरान्त ग्राम पंचायत के हर राजस्व गांव मे सामुदायिक शौचालयो का निर्माण करवाया व प्लास्टिक स्टार का कार्य भी प्रगति पर है। ग्राम पंचायत मे लोगों क सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रबन्ध लगा दिया गया। जो प्लास्टिक एकत्रित होता है लोग एक वोरी में एकत्रित कर ग्राम पंचायत के स्टार में दे देते है। बर्ष 2021 व 2022 मे प्लास्टिक हटाओ अभियान मे ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 1.5 क्विंटल प्लास्टिक एकत्रित किया गया था। जिसे खण्ड विकास अधिकारी व उपमण्डलाधिकारी की सहायत से समस्त ग्राम पंचायतों क प्लास्टिक चंडीगढ चंडीमन्दिर की संस्था को भेजा गया था। वर्तमान में भी प्लास्टिक को एकत्रित पंचायत के संग्रह केन्द्र में रखा जाता है। प्रधान द्वारा खण्ड स्तर से जिला स्तर  महात्रर्षि पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया है।  प्रधान प्रेम सिंह द्वारा ग्राम पंचायत को एक स्वच्छ और सुन्दर पंचायत वनाने मे निरन्तर प्रर्यास कर रहे है।

``

``




ग्राम पंचायत भैल को निर्मल ग्रामीण पुरस्कार से नवाज़ते हुए पूर्व मुख्यमन्त्री, हिमाचल प्रदेश सरकार।







<u>2011 महात्रर्षि पुरस्कार से सम्मानित</u>

<u>स्वास्थ्य वीमा योजना के अन्तर्गत</u>

``

## ग्रांम पंचायत का परिचयः–

ग्रांम पंचायत भैल का गठन बर्ष 2005 में ग्राम पंचायत धंगोटा हुआ था। ग्राम पंचायत विकास खण्ड बिझडी से लगभग 14 कि0मी की दूरी पर है । ग्राम पंचायत भैल विकास खण्ड़ बिझड़ी की 52 पंचायतों में से एक श्रेष्ठ पंचायत हैं। इस पंचायत मे्ं 305 परिवारों में लगभग 1550 लोग निवास करते है। इनमें 30 परिवार गरीवी रेखा से नीचे रहते हैं तथा 275 परिवार गरीवी रेखा से उपर हैं। ग्रांम पंचायत में 57 परिवार अनुसूचित जाति व अनुसुचित जनजाति के 9 परिवार है।

प्रधान :– श्री प्रेम सिंह 9418554355

उप–प्रधान :– श्री संजय कुमार 8219752155

सचिव :– श्री स़ुशील कुमार 8628868375

बार्ड सदस्य :–

| क0 सं0 | बार्ड पंच का नाम | मोवाईल न0 |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति चैंचलो देवी | 8091042913 |
| 2 | श्री सुरेश कुमार | 9817890714 |
| 3 | श्री संजीव कुमार | 9882427465 |
| 4 | श्रीमति सीमा देवी | 8278873680 |
| 5 | श्रीमति गुरमीत कौर | 9816720745 |

कुल वार्डों की संख्या :– 5

कुल आंगनबाड़ी की संख्या :– 4

कुल पाठशालाएं :– 3

राजकीय प्राथमिक पाठशालाए :– 2

राजकीय माध्यमिक पाठशालाए :– 1

महिला मण्डल :– 5

``

## सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान का शुभारम्भः–



सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान की शुरूआत ग्रांम पंचायत में 10/05/2009 को पंचायत स्तरीय शिविर के साथ की गई थी जिसमें लगभग 150 लोंगों नें भाग लिया था और इस की अध्यक्षता प्रधान श्री प्रेम सिंह द्वारा की गई थी। सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान की विस्तत जानकारी देने के लिये विकास खण्ड़ बिझड़ी से सम्पूर्ण स्वच्छता की टीम मेें समाज शिक्षा एवं खण्ड़ योजाना अधिकारी ,मुख्या सेविका व सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान की टीम ने लोंगों को सम्पूर्ण स्वच्छता आभियान की वास्तविक जानकारी लोंगों को प्रदान की गई थी। इस अभियान में लोंगों को यह एहसास करवाया गया था कि खूले में शौच करके आप स्वंय व दूसरों को कितनी गन्दगी फैला रहे हैं और लोंगों को इस अभियान को पंचायत से लेकर गांव तक व जन–2 तक पहुचायें। लोंगों को यह समझ आया और इस अभियान को अपने घर से शुरू कर किया तथा घर–2 में शौचालय का निर्माण हुआ और अपनी पंचायत को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाने में पूरा सहयोग दिया। आज पंचायत इस मुकाम पर है तो सब गांव वासियों व पंचायत के सदस्यों की कड़ी मेहनत की बजह से है।

``

## गांव पंचायत के वार्डो में शिविरों का आयोजनः–



सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के शुभारम्भ के दिवस में ही लोंगों द्वारा वार्ड शिवरों की तिथियां निधारित कर दी गई और निधारित तिथियों को खण्ड़ समन्वयक अपनी टीम तथा विकास खण्ड़ के अधिकारियों सहित लोंगों को जागरूक करने के उद्धेश्य से हर वार्ड में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया और लोंगों को इस बात का एहसास दिलाया कि खूलें में शौच करने से कितनी बुरी आदत है तथा इसमें किस तरह से परिवर्तन आना चाहिए। गांवों में लोंगों द्वारा शौचालयों का निर्माण कार्य करना आरम्भ कर दिया और जिसके फलस्वरूप लगभग दो माह के भीतर 5–11–2009 को ग्राम पंचायत ने खुले में शौच मुक्ति का दावा पेश किया।

``

## पंचायत प्रधान तथा सदस्यों का अभियान की सफलता में सहयोग :–



ग्रांम पंचायत को सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान की सफलता में समस्त गांव वासियों तथा समस्त वार्ड सदस्यों भरपूर सहयोग के कारण आज इस पंचायत ने खण्ड स्तर पर प्रथम, जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर आज ज़िले में एक आदर्श पंचायत का दर्जा हासिल किया है। ग्रांम पंचायत भैल मे पांच महिला मण्डल है व चार आंगनवाड़ी केन्द्र हैं। सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान में इन सवका सहयोग भरपूर रहा है और इनमें दो कों महिला मण्डल प्रोत्साहन योजना के अर्न्तगत सम्मानित किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्तों ने भी विकास खण्ड की टीम के साथ डोर टू डोर जाकर लोंगों को जागरूक किया।

``


# ग्रांम पंचायत को स्वच्छ वनाए रखने के लिए योजनाः—



ग्रांम पंचायत में स्वच्छता का स्थाईत्वा वनाये रखने के लिये समस्त वार्डो में स्वच्छता की कमेटियों का गठन किया गया है तथा इसमें महिला मण्डल,आंगनवाडी कार्यकर्ता तथा वुद्धिजीवी वर्ग इसमें भाग लेते हैं। प्रत्येक वार्ड में मासिक वैठक का आयोजन निर्धारित तिथि को किया जाता है।



# नारा लेखन द्वारा जागरूकता















``

## स्कूल रैली द्वारा लोगों को स्वच्छता का सन्देश









स्कूल के छात्र –_छात्राओं द्वारा पंचायत मे रैली निकाल कर घर – 2 तक स्वच्छता का सन्देश पंहुचाना।

``

## महिला मण्डलों को निर्मल भारत अभियान में योगदान






## ठोस एवम तरल कचरे के प्रवन्धन के वारे



कूडादान



केंचुवा पिट

ठोस एवम तरल कचरे के प्रवन्धन के लिये प्रत्येक वार्ड में उचित प्रवधान है। प्रत्येक वार्ड में शौकपीट,कूडेदान,पशुओं के गुन्त्र को पीट और गोवर के केंचुए खडडों का उचित प्रवन्ध है। रसोईघर के पानी तथा वाथरूम के पानी को भूमिगत नाली द्वारा खेतों आदि के सिंचाई के लिये उपयोग किया जा रहा है तथा ठोस कचरे को वोरियों मे भर कर लोंगों द्वारा कवाड़ियों को वेच दिया_जाता है।

# <u>स्कूल के वच्चो को सम्मानित करते प्रधान</u>





ग्राम पंचायत द्वारा स्कूल के छात्र–छात्राओं को पलासटिक वोतलें व पोलिथीन ,कूरकूरे आदि के पैकट इक्कठे करने पर सम्मानित करते हुए। स्कूल के वच्चों द्वारा हर रोज रास्ते में या कहीं भी कोई भी पलास्टीक के वोतल,पोलीथीन पडा हुआ मिले तो उठा कर अपने स्कूल के अध्यापक के पास जमा करवा देत हैं।





## वी0पी0एल0 परिवार द्वारा निर्मित शौचालय

``

सेवा में,

प्रधान,

ग्राम पंचायत भैल

विषय :— राशन कार्ड का नवीकरण करवाने बारे प्रार्थना—पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं ............................ पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री ............................ गांव ............................ डा0 ............................ तह0 बड़सर जिला हमीरपुर हि0 प्र0 का स्थाई निवासी हुँ। मैं अपने परिवार के राशन कार्ड का नवीकरण करवाना चाहता हुँ। जिस हेतू मैं निम्नलिखित तथ्यों की जानकारी दे रहा हुँ :—

1 मेरा पुराना राशन कार्ड नं0 ............ है जिसे मैं पंचायत के पास जमा करवा रहा हुँ।
2 मेरे परिवार के पास गैस कनैक्शन है/नहीं है जिसका पंजीकरण नं0 ........................ है जिसमें एक /दो सिलैंडर हैं।
3 मेरे परिवार के पास शौचालय है और मेरा परिवार इसका प्रयोग करता है तथा मेरे परिवार का कोई भी सदस्य खुले में शौच नहीं करता है।
4 मेरा परिवार सम्पूर्ण स्वच्छता के सभी नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करता है तथा आगे भी करता रहेगा। मेरा परिवार रास्तों ,सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का गंदा पानी या कूड़ा—करकट नहीं डालता है और आगे भी नहीं डालेगा। तथा पूरी पंचायत को भी स्वच्छ रखने में भी सहयोग करेगा।
5 मेरे परिवार के सदस्य जिनका नाम इस राशन कार्ड में दर्ज किया जाना है घर पर ही रहते हैं इनमें से कोई भी सदस्य बाहर नहीं रहता है।
6 मेरे परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा खुले में शौच जाने व गन्दगी फैलाने पर दोषी व्यक्ति को हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत मू0 1000/— रू0 तक जुर्माने से दन्डित किया जा सकता है व इसके उपरान्त प्रत्येक उल्लंघना दिवस के लिए 10/— रू0 अतिरिक्त शास्ति होगी जो कि अधिकतम 5000/— रू0 तक हो सकती है।

इस प्रार्थना—पत्र में दी गई सूचना पूर्ण सत्य है, इसमें किसी प्रकार का कोई तथ्य छुपाया नहीं गया है। अगर कोई तथ्य गलत पाया जाता है तो मेरे विरूद्ध उचित कार्यवाही की जा सकती है।

अतः आपसे अनुरोध है कि मेरे परिवार के राशन कार्ड का नवीकरण (नया) करने की कृपा करे।

भवदीय

हस्ताक्षर

हस्ताक्षर वार्ड सदस्य

नाम ............................पिता/पति ............................
गांव ............................ डा0 ............................
तह0 ............................ जिला ............................(हि0 प्र0)

``

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत किए गए कार्य –

श्री प्रेम सिंह प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत तीसरी वार प्रधान पद की शपथ लेने के उपरान्त समस्त पंचायत प्रतिनिधियों से वैठक कर ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पर कार्य करने का संकल्प लिया तथा आगमी कार्या योजना को प्रारूप दिया गया । इस योजना के प्रारूप ग्राम पंचायत को नबम्बर,2023 तक पूर्ण प्लास्टिक रहित करना है । जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा शिवरों का आयोजन पंचायत स्तर पर दिनांक 11–08–2023 को आरम्भ किया गया :–



## ग्राम पंचायत में ठोस कचरे के प्रबन्धन हेतू कैचुआ पिट का निर्माणः–



ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा ठोस कचरे के प्रबन्धन हेतु प्रति वार्ड कॅम्पोस्ट गडडो का निर्माण करवाया गया है ।

``

## प्रधान के सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान सम्वन्धी विचार:

ग्राम पंचायत भैल का गठन बर्ष 2005 में किया गया था। पंचायत के गठन के पश्चात ग्राम पंचायत भैल का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। ग्राम वासियों ने श्री प्रेम सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान पद के लिए चुना। प्रधान पद की शपथ बर्ष 2006 में लेने के पश्चात ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों तथा सभी ग्राम वासिंयों के सहयोग से ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास तथा हर क्षेत्र में अपनी पंचायत को अग्रणी पंचायत वनाने का संकल्प लिया। प्रधान जी ने पंचायत प्रतिनिधियों व ग्राम वासियों के सहयोग से पंचायत में हर तरह का चहुंमुखी विकास किया। बर्ष 2011 में ग्राम वासियों ने प्रधान के निस्वार्थ सेवा भाव को देखते हुए श्री प्रेम सिंह को प्रधान पद पर दोवारा चुना गया। विकास खण्ड़ बिझड़ी में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान बर्ष 2008 मे शुरू किया गया था। इस अभियान के शुरू होने पर प्रधान श्री प्रेम सिंह जी ने इस अभियान को लोंगों तक विकास खण्ड़ बिझड़ी की सम्मपूर्ण स्वच्छता अभियान की टीम के द्वारा जन–2 तक पंहुचाया गया। प्रधान व पंचायत प्रतिनिधियों, खण्ड़ स्तर की टीम व ग्राम वासियों के सहयोग से पंचायत ने बर्ष 2010 में निर्मल ग्रामीण पुरस्कार प्राप्त किया। बर्ष 2010 में खण्ड़ स्तरीय स्वास्थ्य बीमा योजना पुरस्कार तथा इसी बर्ष महात्रर्षि वालमिकी सम्मपूर्ण स्वच्छता पुरस्कार खण्ड़ स्तर पर हासिल किया। पंचायत प्रधान प्रेम सिंह के नेतृत्व में पंचायत के प्रतिनिधियों व ग्राम वासियों के सहयोग से पंचायत बर्ष 2013 में ज़िला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। ग्राम पंचायत प्रधान प्रेम सिंह का कहना है कि हम विकास खण्ड़ की समस्त पंचायतों को स्वच्छ वनाने के लिए सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान की टीम का सहयोग करेंगें ताकि लोंगों को सम्पूर्ण स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकें व वीमारियों से वच सकें तथा ग्रांम पंचायत भैल तभी एक आदर्श पंचायत कहलायेगी । ग्रांम पंचायत भैल में समस्त परिस्थितियों का अध्यान करने के पश्चात हमने पाया कि ग्रांम पंचायत विकास खण्ड़ बिझड़ी की उभरती हुई एक आदर्श ग्रांम पंचायत है। इस पंचायत के निवासी परिश्रमी,उदारवादी तथा नेक है। अपनी पंचायत को  स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए ये सदैव तत्पर है। इन लोंगों के प्रयास से आज से ग्रांम पंचायत विकास खण्ड़ की एक सर्वोतम पंचायत वनी है तथा सदैव उन्नति के पथ की ओर अग्रसर रहेगी।

धन्यवाद।

## ग्राम पंचायत की उपल्वधियां

1. गाम पंचायत के प्रत्येक परिवार ने शौचालय का निर्मण किया गया है तथा शौचालय का उपयोग सही ढ़ंग से किया जाता है
2. ग्राम पंचायत में स्वच्छ जल उपलव्ध करवाया गया है।
3. ग्राम पंचायत में 54 सोलर लाईटें लगवाई गई हैं।
4. ग्राम पंचायत के प्रत्येक बार्ड को सड़क के साथ  जोडा गया है।

``

5. पंचायत के प्रत्येक परिवार को कूड़ादान पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाये गये हैं।
6. पंचायत के प्रत्येक बार्ड के गन्दे पानी की भूमिगत नाली व 230 सोकेज पीट का निर्माण किया गया है।
7. पंचायत क्षेत्र में पशुओं के गोवर के लिए केंचुवा शैड़ा का निर्माण किया गया है।

*शुभ कामनाओं सहित*

*''जय हिन्द जय स्वच्छता''*

**हम सबका एक ही नारा।**
**स्वच्छ हिमाचल ध्येय हमारा।।**

ग्राम पंचायत भैल
विकास खण्ड़ बिझड़ी
ज़िला हमीरपुर (हि0प्र0)